# <u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
# <u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–27 अक्टूबर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश के छह जिलों में बनाए जाएंगे स्पेशल एजुकेशन जोन, जीरो से लेकर यूनिवर्सिटी तक की शिक्षा देने वाले संस्थानों की होगी स्थापना
- सब जूनियर नेशनल रोइंग चौम्पियनशीप में महाराष्ट्र की टीम बनी ओवरऑल चौम्पियन, मुख्यमंत्री ने किया पुरस्कृत, कहा–गोरखपुर में विश्व स्तरीय रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर के लिए उनकी सरकार देगी जगह
- अयोध्या में कल से शुरू होगा भव्य दीपोत्सव का आयोजन, सजावट को दो दिन दिन के लिए बढ़ाने का फैसला
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे देशवासियों से करेंगे मन की बात

**********

राज्य सरकार ने लखनऊ समेत प्रदेश के छह जिलों में स्पेशल एजुकेशन जोन विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें लखनऊ के अलावा गोरखपुर, अयोध्या, आगरा, गौतम बुद्ध नगर व बुंदेलखंड शामिल हैं। इन स्पेशल एजुकेशन जोन में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना के जरिए जीरो से लेकर यूनिवर्सिटी तक की शिक्षा दी जाएगी। प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कल यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लखनऊ के मोहान रोड पर सात सौ पचासी एकड़ क्षेत्र में प्रदेश के पहले स्पेशल एजुकेशन जोन का विकास होगा।

**********

गोरखपुर के रामगढ़ताल में चल रही पच्चीसवीं सब जूनियर नेशनल रोइंग चौम्पियनशिप महाराष्ट्र की टीम ने जीत ली है। प्रतियोगिता के दौरान लड़कियों के वर्ग में पंजाब की टीम ने और लड़कों के वर्ग में महाराष्ट्र की टीम ने जीत हासिल की, लेकिन महाराष्ट्र की टीम को ओवरऑल विजेता घोषित किया गया ।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया । उन्होंने कहा कि उनकी सरकार रामगढ़ताल के पास वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया–आरएफआई के लिए जगह आवंटित करेगी ताकि विश्व स्तरीय रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर की स्थापना की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों का बेहतरीन माहौल बना है।

***पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में लीडरशिप में आज भारत के अन्दर खेल और खेलकूद से जुड़ी हुई गतिविधियों में बहुत परिवर्तन आया है। खेलों इंडिया खेलो हो, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता हो, फिर इंडिया मूवमेंट हो, ये सभी खेल और खेलकूद से जुड़ी हुई गतिविधियां है और इसी का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश ने भी अपने आपको प्रधानमंत्री मोदी के इस मिशन के साथ जोड़ने का कार्य किया है।***

**********

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दो दिवसीय गोरखपुर दौरे के आखिरी दिन कल विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया और अलग अलग आयोजनों में शामिल हुए। उन्होंने नगर निगम द्वारा आयोजित सफाई मित्र सुरक्षा सम्मेलन और सम्मान समारोह में हिस्सा लिया । मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि किसी भी शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सफाईकर्मी नींव के पत्थर होते हैं। उन्होंने गोरखपुर में निर्माणाधीन मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लैक्स और दो अलग अलग सड़कों के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। इससे पहले गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में उन्होंने करीब तीन सौ लोगों की समस्याएं भी सुनीं।

**********

महाकुंभ दो हजार पच्चीस में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रयागराज के सभी नौ स्टेशनों पर बेहतरीन सुविधाएं दी जाएंगी । श्रद्धालुओं को पिछले कुंभ की अपेक्षा नये स्टेशन बिल्डिंग, प्लेटफार्म, यात्री सुविधाएं, ओवरब्रिज और रोड अंडर ब्रिज देखने को मिलेंगे। यह जानकारी रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार ने प्रयागराज में संवाददाताओं से बातचीत में दी। उन्होंने महाकुंभ के दौरान रेलवे की तैयारियों को देखने के लिए आधा दर्जन से अधिक स्टेशनों और निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि रेलवे का प्रयास है कि तीस नवम्बर तक रेलवे संबंधित विभिन्न कार्यों को पूरा कर लिया जाए। उन्होंने बताया कि कानपुर की तरफ से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुबेदारगंज रेलवे स्टेशन का विकास किया जा रहा है।

**********

मथुरा के परखम में राष्ट्रीय स्वयं सेवकसंघ की अखिल भारतीय बैठक के दौरान वर्ष दो हजार पच्चीस की विजयादशमी को विशेष रूप से मनाने का फैसला लिया गया है। यह जानकारी सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कल संवाददाताओं से बातचीत में दी।

उन्होंने बताया कि बैठक में आगामी कार्य योजनाओं और संघ के विस्तार पर मंथन हुआ। साथ ही संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वर्ष दो हजार पच्चीस की विजयादशमी को विशेष रूप से मनाने का निर्णय लिया गया।

**********

अयोध्या में भव्य दीपोत्सव का आयोजन कल से शुरू होगा । इससे पहले सात दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किये जा चुके हैं और उन्हें गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज कराया गया है। इस बार दीपोत्सव कार्यक्रम के दौरान प्रभु श्रीराम के जीवन पर आधारित अट्ठारह प्रसंगों की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र बनेंगी।

इस बीच, दीपोत्सव में वहां होने वाली सजावट को दो दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। तीस अक्टूबर को दीपोत्सव के दौरान होने वाले लेजर शो और सजावट का आनंद लोग इकतीस अक्टूबर और एक नवंबर को भी ले सकेंगे। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने इस संबंध में अयोध्या में हुई एक बैठक के बाद यह जानकारी दी।

***कार्यक्रम के तैयारी की दृष्टि से पूज्य साधु संतों के साथ यहां पर बैठक सम्पन्न हुई, उनके कुछ सुझाव जो पिछले वर्ष के थे, उनके अनुभव है, उसके आधार पर हम लोगों ने प्राप्त किये है उसको और ठीक करने की व्यवस्था बनायी जा रही है, सजावट जो की गई उसको दो दिन के लिये बढ़ाया गया है, जिससे कि लोग क्रमशः आ करके उसको देख सकेंगे। उन्हें कोई कठिनाई न हो, एक साथ आने में उनको कठिनाइयां होती थी, और वो उसका उपयोग नहीं कर पाते थे। इस नाते ये व्यवस्था की गई है।***

दीपोत्सव के दौरान तीन दिनों तक सजावट के साथ साथ लेजर शो और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

**********

वाराणसी में देव दीपावली पर पंद्रह नवंबर को पहली बार ग्रीन क्रैकर शो का अद्भुत नज़ारा देखने को मिलेगा। अमेरिका में विकसित अत्याधुनिक तकनीक के फायर वन फायरिंग सिस्टम से लगभग दस मिनट तक ग्रीन क्रैकर शो और लेज़र शो का अलौकिक दृश्य दिखाई देगा। पर्यटन विभाग के उप निदेशक राजेंद्र कुमार रावत ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध काशी की देव दीपावली के अवसर पर रेत पर लगभग डेढ़ किलोमीटर के स्ट्रेच पर ग्रीन एरियल फायर क्रैकर्स शो होगा। क्रैकर शो और लेज़र शो के प्रदर्शन में उपयोग की जाने वाली ग्रीन आतिशबाजी पर्यावरण के अनुकूल होगी जिसमें पटाखों की आवाज सत्तर डेसीबल से कम होगी।

**********

दीपावली पर किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रदेश सरकार ने सभी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की छुट्टिया रद्द कर दी हैं। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने कल लखनऊ में यह जानकारी दी।

***दीपावली त्योहार के शुभ अवसर पर स्वास्थ्य विभाग ने सभी डिस्ट्रिक लेवल के जो हमारे सीएमओ है जो सीएमएस है उनको निर्देश दिया है सभी हास्पिटल में लगातार हम चौकन्ने रहेंगे, सभी छुट्टियां रद्द कर दी गई है उनसे अनुरोध किया गया है कि सभी अस्पतालों में जो बर्न यूनिट है उसे सक्रिय करे, जो पटाखे जलाने के दौरान कहीं जलने से कहीं चोट पहुंचती है या कभी-कभी देखा गया कि आंख में भी चिंगारी लगती है तो ऐसी सारी दवाइयां सारी व्यवस्थायें सुनिश्चित करें और सभी को अलर्ट मोड में रहने को कहा गया है।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ पंद्रहवीं कडी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर होगा। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर भी उपलब्ध रहेगा। दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में इसे प्रसारित किया जाएगा।

**********

पेरिस पैरालंपिक के कांस्य पदक विजेता कपिल परमार को इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन की नेशनल बॉडी की बैठक के दौरान कल लखनऊ में सम्मानित किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष अवनीश अवस्थी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में बारह राज्यों ने हिस्सा लिया । श्री अवस्थी ने बताया कि–

***पहली बार 64 वर्ष के इतिहास में जूड़े में ओलम्पिक या पैरालम्पिक पहला मेडल अभी कपिल को मिला है। प्रदेश सरकार स्पोर्ट्स को काफी बढ़ावा दे रही है तो स्पोर्टिंग सक्टिविटी एक मेन स्ट्रीम काम अच्छा हुआ है, जिससे देश का और प्रदेश का भी नाम हुआ है।***

**********